
पंजाब केसरी
TUE,03 NOVEMBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

कक्षा 11वीं एवं 12वीं के पंजीकरण विवरण में संशोधन 17 नवम्बर से शुरू

धर्मशाला, 2 नवम्बर (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन करने का अवसर प्रदान किया है।



बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कक्षा 9वीं और 10वीं के पंजीकरण विवरण में सुधार संबंधी अधिसूचना के क्रम में अब 11वीं व 12वीं के छात्रों को भी यह सुविधा दी जा रही है।

संबंधित विद्यालय 17 नवम्बर से 25 नवम्बर तक बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के नाम, माता-पिता के नाम, लिंग, जन्म तिथि, श्रेणी तथा विषयों से संबंधित त्रुटियों में आवश्यक सुधार कर सकेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संशोधन विद्यार्थियों के मैट्रिकुलेशन (10वीं) रिकॉर्ड के आधार पर ही मान्य होंगे। डॉ. राजेश शर्मा ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों व संस्थान प्रमुखों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण रिकॉर्ड का सावधानीपूर्वक सत्यापन कर लें, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्रों से जुड़ी किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

किसी भी सहायता या जानकारी के लिए स्कूल प्रशासन कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बोर्ड कार्यालय के हैल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकता है।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का लोकप्रिय लोकप्रिय मीडिया

11वीं-12वीं के छात्र अब सुधार सकेंगे पंजीकरण विवरण

धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में त्रुटियां सुधारने की सुविधा का दायरा बढ़ा दिया है। अब नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ-साथ 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों को यह सुविधा मिलेगी। संबंधित स्कूल 17 से 25 नवंबर तक बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण विवरण में आवश्यक सुधार कर सकेंगे। छात्र बोर्ड मुख्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242139 (मंडी, लाहुल स्पीति), 242140 (कांगड़ा), 242141 (शिमला, किन्नौर हमीरपुर), 242142 (चंबा, बिलासपुर, कुल्लू) और 242150 (ऊना, सोलन, सिरमौर) पर संपर्क कर सकते हैं।

Dainik Jagran Dt. 03-11-2026

11वीं-12वीं के पंजीकरण विवरण में 17 से संशोधन

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को पंजीकरण विवरण में संशोधन का अवसर दिया जा रहा है। संबंधित विद्यालय 17 से 25 नवंबर तक बोर्ड के आनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण विवरण में संशोधन कर सकेंगे। विद्यार्थी के नाम, पिता और माता के नाम, लिंग, जन्म तिथि, श्रेणी और विषयों से संबंधित विवरण में बदलाव किया जा सकता है। संशोधन विद्यार्थियों के दसवीं के रिकार्ड के आधार पर ही होंगे। डा. शर्मा ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और संस्थान प्रमुखों से निर्धारित अवधि में पंजीकरण विवरण का सावधानीपूर्वक सत्यापन करने को कहा है। त्रुटि मिलने पर तय समय के भीतर संशोधन करवाना सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को भविष्य में परेशानी न हो। जानकारी या सहायता के लिए प्रधानाचार्य और संस्थान प्रमुख कार्यदिवसों में दिन में 10 बजे से सायं 5 बजे तक बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। (जासं)

Amar Ujala Dt: 03/11/2026

दसवीं की मार्क्सशीट नहीं होने से आवेदन से वंचित रह गए विद्यार्थी

धर्मशाला। दसवीं कक्षा की मूल मार्क्सशीट नहीं मिलने के कारण स्वामी विवेकानंद छात्रवृत्ति योजना के कई पात्र अभ्यर्थी आवेदन करने से वंचित रह गए हैं। इनमें वे विद्यार्थी भी शामिल हैं, जो मेरिट सूची में संशोधन के बाद पात्र घोषित हुए थे, लेकिन मार्क्सशीट उपलब्ध नहीं होने के कारण आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई थी।

अभ्यर्थियों ने शिक्षा विभाग से आवेदन के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग उठाई है। छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करते समय दसवीं कक्षा की मार्क्सशीट सहित जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करवाना अनिवार्य है।

शिक्षा बोर्ड की ओर से मूल मार्क्सशीट स्कूलों तक नहीं पहुंचने के कारण कई विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पाए। अभ्यर्थियों स्वास्तिका शर्मा, शनाया, काव्यांश, शौय आदि ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए, ताकि वे भी आवेदन कर सकें। डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन कांगड़ा अजय सिंह संबयाल ने बताया कि छात्रवृत्ति योजना की तिथि को बढ़ाने के लिए निदेशालय को पत्र लिखा है। ब्यूरो

11वीं व 12वीं के पंजीकरण विवरण में संशोधन

अभ्यर्थियों को 17 से 25 नवंबर तक ऑनलाइन पोर्टल पर मिलेगा मौका

हिमाचल दस्तक ▪ धर्मशाला

Dt: 03/11/2026

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन का अवसर प्रदान किया है। विद्यालय 17 से 25 नवंबर तक बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के विवरण में आवश्यक सुधार कर सकेंगे।

यह जानकारी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों के नाम, माता-पिता के नाम, लिंग, जन्मतिथि, श्रेणी और विषयों से संबंधित विवरण में संशोधन किया जा सकेगा। सभी सुधार विद्यार्थियों के दसवीं कक्षा के अभिलेखों के आधार पर ही किए जाएंगे। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और संस्थान प्रमुखों से निर्धारित अवधि में विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण की जांच करने और त्रुटियां मिलने पर समय रहते संशोधन करवाने की अपील की है ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को परेशानी न हो। संशोधन संबंधी जानकारी के लिए विद्यालय कार्यदिवसों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। कांगड़ा के लिए 01892-242140, मंडी व लाहौल-स्पीति के लिए 01892-242139, शिमला, किन्नौर व हमीरपुर के लिए 01892-242141, चंबा, बिलासपुर व कुल्लू के लिए 01892-242142 तथा ऊना, सोलन व सिरमौर के लिए 01892-242150 नंबर जारी किए गए हैं। बोर्ड की ओर से 16 अक्तूबर को जारी अधिसूचना की अन्य शर्तें पहले की तरह लागू रहेंगी।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

11वीं एवं 12वीं के पंजीकरण विवरण में संशोधन 17 नवंबर से: डॉ. राजेश शर्मा


सवेरा न्यूज/ब्यूरो

धर्मशाला, 2 नवंबरः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन के संबंध में जारी अधिसूचना के क्रम में अब कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में भी आवश्यक संशोधन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि संबंधित विद्यालयों को 17 नवंबर, 2026 से 25 नवंबर, 2026 तक बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान विद्यार्थी के नाम, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग, जन्म तिथि, श्रेणी तथा विषयों से संबंधित विवरण में आवश्यक संशोधन किया जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त संशोधन विद्यार्थियों के मैट्रिकुलेशन रिकॉर्ड के आधार पर ही किए जाएंगे। डॉ. शर्मा ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं संस्थान प्रमुखों से आग्रह किया कि वे निर्धारित अवधि के दौरान विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें तथा यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसमें निर्धारित समय के भीतर आवश्यक संशोधन करवाना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कक्षा 11वीं एवं 12वीं के पंजीकरण विवरण में संशोधन 17 नवंबर से : डॉ. राजेश शर्मा

धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन के संबंध में जारी अधिसूचना के क्रम में अब कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में भी आवश्यक संशोधन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित विद्यालयों को 17 नवंबर, 2026 से 25 नवंबर, 2026 तक बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण में संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान विद्यार्थी के नाम, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग, जन्म तिथि, श्रेणी तथा विषयों से संबंधित विवरण में आवश्यक संशोधन किया जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त संशोधन विद्यार्थियों के मैट्रिकुलेशन रिकॉर्ड के आधार पर ही किए जाएंगे। डॉ. शर्मा ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं संस्थान प्रमुखों से आग्रह किया कि वे निर्धारित अवधि के दौरान विद्यार्थियों के पंजीकरण विवरण का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें तथा यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसमें निर्धारित समय के भीतर आवश्यक संशोधन करवाना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं संस्थान प्रमुख कार्यदिवसों में प्रात: 10.00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। जिला मंडी एवं लाहौल-स्पीति के लिए 01892-242139, कांगड़ा के लिए 01892-242140, शिमला, किन्नौर एवं हमीरपुर के लिए 01892-242141, चंबा, बिलासपुर एवं कुल्लू के लिए 01892-242142 तथा ऊना, सोलन एवं सिरमौर के लिए 01892-242150 पर संपर्क किया जा सकता है। अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना दिनांक 16.10.2026 में उल्लिखित अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।



Dev Bhoomi mirror Dt: 03/11/2026

मार्च 2027 की एसओएस परीक्षाओं की तैयारी शुरू

देवभूमि मिरर/धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने मार्च 2027 में प्रस्तावित राज्य मुक्त विद्यालय (HPSOS) की परीक्षाओं को सुचारू और नकलरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए अभी से कमर कस ली है। इसी कड़ी में बोर्ड ने प्रदेश के संबद्धित निजी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों को एसओएस परीक्षा केंद्र के रूप में नामित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथियां घोषित कर दी हैं। इच्छुक संस्थान आगामी 1 नवंबर से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी स्कूल लॉगिन आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केंद्र बनने के इच्छुक निजी स्कूलों और संस्थानों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। बोर्ड द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, बिना किसी विलंब शुल्क (लेट फीस) के 1 नवंबर से 30 नवंबर, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।



इच्छुक संस्थान बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के बाद आवेदन करने वाले संस्थानों पर भारी विलंब शुल्क लगाया जाएगा। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि 1 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2026 के बीच आवेदन करने पर निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त ?5,000 लेट फीस देनी होगी। वहीं, 16 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2026 तक यह विलंब शुल्क बढ़कर ?10,000 हो जाएगा। यदि कोई संस्थान 31 दिसंबर की अंतिम तिथि के बाद आवेदन करता है, तो उस पर केवल बोर्ड के अध्यक्ष या सचिव की पूर्व स्वीकृति के बाद ही विचार किया जाएगा। ऐसे मामलों में सामान्य शुल्क और ?10,000 विलंब शुल्क के अलावा अध्यक्ष या सचिव द्वारा तय किया गया अतिरिक्त जुर्माना भी वसूला जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षाओं के व्यवस्थित संचालन और प्रशासनिक तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए परीक्षा केंद्रों का समय रहते निर्धारण होना बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी संबंधित निजी स्कूलों व संस्थानों के प्रबंधन से अपील की है कि वे आवेदन करने से पूर्व बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए दिशा-निर्देशों व शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि मार्च 2027 की परीक्षाओं के आयोजन में किसी भी स्तर पर असुविधा का सामना न करना पड़े।

NOVEMBER 03, TUESDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

HP BOARD OPENS CORRECTION WINDOW FOR CLASS 11 AND 12 REGISTRATION RECORDS STARTING NOVEMBER 17

The Sunny Times | Dharamshala |

The Himachal Pradesh Board of School Education has announced a special correction window for Class 11 and Class 12 students to update and rectify their registration details for the academic session 2026-27. Following the recent correction facility extended to Classes 9 and 10, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that senior secondary students will now get a similar opportunity to ensure their official records are completely error-free.

Schools across the state can access the board's online portal from November 17 to November 25, 2026, to make any required changes. School administrations can update student names, parents' names, gender, date of birth, category, and subject selections during this nine-day period. To maintain accuracy and prevent discrepancies, Dr. Sharma clarified that all modifications must strictly match the details recorded in the students' Class 10 matriculation certificates.

School principals and heads of institutions are urged to thoroughly verify student details and make any necessary corrections within the designated timeframe to prevent future complications for students. For any assistance, school heads can contact dedicated board helplines during working days between 10:00 AM and 5:00 PM. Schools in Mandi and Lahaul-Spiti can call 01892-242139, Kangra at 01892-242140, Shimla, Kinnaur, and Hamirpur at 01892-242141, Chamba, Bilaspur, and Kullu at 01892-242142, and Una, Solan, and Sirmaur at 01892-242150. All other guidelines established in the board's earlier notification dated October 16, 2026, remain in effect.

